समाचार

शिक्षकों की अनन्तिम वरिष्ठता सूची प्रकाशित

(20 जुलाई तक मंगाई गई दावा आपत्तियां)

कोरबा 10 जुलाई 2017 –नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत संचालित शासकीय शालाओं में कार्यरत शिक्षकों (नगरीय निकाय) को पदोन्नति देने हेतु अनन्तिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है, इस सूची का अवलोकन नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत, कलेक्ट्रेट भवन तथा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कोरबा व कटघोरा के कार्यालयों में स्थित सूचना पटल पर किया जा सकता है। यह सूची नगर निगम कोरबा की वेबसाईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है। उक्त प्रकाशित अनन्तिम वरिष्ठता सूची के संबंध में दावा एवं आपत्तियां 20 जुलाई 2017 सायं 5 बजे तक आमंत्रित की गई हैं, इस निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों को मान्य नहीं किया जाएगा।